ज्ञापांक– 2910/09 पटना, दिनांक– 27/04/2017

**प्रतिलिपि** :– उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी / सहायक लेखा पदाधिकारी (प्र0) / सहायक लेखा पदाधिकारी (खादी पुर्नरूद्धार योजना सह अंकेक्षण) / प्रभारी सहायक (खादी पुर्नरूद्धार योजना) / निजी संचिका एवं गार्ड संचिका को आवश्यकतार्थ प्रेषित।

02. सहायक लेखा पदाधिकारी (खादी पुर्नरूद्धार योजना सह अंकेक्षण) को निदेश है कि कटिया चरखा आवंटित किये गये संस्था / समिति के खाते में स्वीकृत राशि को RTGS/NEFT के माध्यम भुगतान करना सुनिश्चित करें।

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
26/4/17

**बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड**
**महेश भवन, पूर्वी गांधी मैदान पटना –4**

**कार्यालय आदेश**

**संचिका संख्या–खा0/पुर्न0/233/2016–17**

उद्योग विभाग संकल्प ज्ञा0 सं0–566 पटना, दिनांक–17.02.2017 द्वारा खादी पुर्नरूद्धार योजनान्तर्गत बिहार में स्थित खादी संस्था/समितियों जो तसर (रेशमी) सूत कताई का कार्य करती है, उनके बीच 600 (छः सौ) नग कटिया चरखा वितरित करने का निर्णय लिया गया है।

02. उक्त संकल्प के कंडिका 05 में उल्लेखित शर्त्त के अनुसार निम्नलिखित संस्था/समिति द्वारा कटिया चरखा क्रय करने हेतु 50% रू0 9,83,250.00 (नौ लाख तेरासी हजार दो सौ पचास) रूपये मात्र भुगतान करने की स्वीकृति दी जाती है।

| क्र0 | संस्था/समिति का नाम | आवंटित चरखा की संख्या | प्रति चरखा कीमत | चरखा की कुल कीमत | स्वीकृत राशि (चरखा की कुल कीमत का 50%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नाथनगर ग्रामोदय सहयोग समिति लि0, भागलपुर | 75 | 4275.00 | 320625.00 | 160312.50 |
| 2 | रेशम बुनकर खादी ग्रामोद्योग संघ, | 70 | 4275.00 | 299250.00 | 149625.00 |
| 3 | रेशम खादी उद्योग संघ, उर्दू बाजार रोड, रेकाबगंज, भागलपुर | 70 | 4275.00 | 299250.00 | 149625.00 |
| 4 | रेशम खादी सेवा उद्योग, भागलपुर | 50 | 4275.00 | 213750.00 | 106875.00 |
| 5 | रेशम खादी विकास सहयोग समिति लि0, भागलपुर | 40 | 4275.00 | 171000.00 | 85500.00 |
| 6 | मरन्दा भण्डारिसौं ग्रामोदय सहयोग समिति लि0, मनीगाछी, दरभंगा | 25 | 4275.00 | 106875.00 | 53437.50 |
| 7 | ग्राम स्वराज्य संघ, बरियारपुर, मुंगेर | 25 | 4275.00 | 106875.00 | 53437.50 |
| 8 | नरसिंहपुर खादी केन्द्रित रचनात्मक सहयोग समिति लि0, मुजफ्फरपुर | 25 | 4275.00 | 106875.00 | 53437.50 |
| 9 | आदर्श महिला विकास सहयोग समिति, भागलपुर | 20 | 4275.00 | 85500.00 | 42750.00 |
| 10 | पचरूखी सिल्क ग्रामोद्योगिक सहयोग समिति लि0, भागलपुर | 20 | 4275.00 | 85500.00 | 42750.00 |
| 11 | उग्र नरायण खादी ग्रामोद्योग आश्रम, मनीगाछी, दरभंगा | 20 | 4275.00 | 85500.00 | 42750.00 |
| 12 | विकास समिति, जमुई | 20 | 4275.00 | 85500.00 | 42750.00 |
| | कुल :– | 460 | | 1966500.00 | 983250.00 |

03. उक्त स्वीकृत राशि का भुगतान खादी पुर्नरूद्धार योजना मद में प्राप्त राशि से की जायेगी।

04. संस्था/समिति के अध्यक्ष/मंत्री को निदेश है कि संकल्प ज्ञा0 सं0–566 पटना, दिनांक–17.02.2017 के कंडिका 03 में दिये गये शर्त्त के अनुसार ही कटिया चरखा क्रय करेगें।

(i) संस्था को कटिया चरखा के लिये 90% अनुदान की राशि दी जायेगी तथा चरखा के कीमत का 10% राशि मार्जिन के रूप में खादी संस्था/समितियों को स्वयं वहन् करना होगा।

(ii) कटिया चरखा का गुणवत्ता (Specification) निम्न प्रकार होगी–

(क) कटिया चरखा लोहे एवं आयरन का बना हो।

(ख) यह पैरों से चलने वाला (पैडल ऑपरेटेड) हो।

(ग) चरखा का कार्य क्षमता 8 घंटे में कम से कम 200 से 250 ग्राम रेशमी सूत का कताई करता हो।

(घ) कटिया चरखा से कम से कम रू0 175–200 प्रतिदिन मजदूरी के रूप में कतिनों को प्राप्त होता हो।

(ड़) चरखा का वनज कम से कम 24 किलोग्राम का हो।

(iii) खादी संस्थाओं द्वारा अपने स्तर से कटिया चरखा के गुणवत्ता एवं उपयोग से स्वयं संतुष्ट होकर ही चरखा का क्रय किया जायेगा।

(iv) खादी संस्था/समिति को बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आवंटित चरखा के कीमत का 50% राशि उपलब्ध कराया जायेगा। कटिया चरखा के संचालन के बाद इसकी गुणवत्ता (Specification) की जॉच खादी ग्रामोद्योग आयोग एवं बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा तथा जॉच के बाद ही शेष 50% राशि का भुगतान किया जायेगा।

(v) खादी संस्थाओं को राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में सीधे RTGS/NEFT के माध्यम से बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना द्वारा किया जायेगा।

(vi) कटिया चरखा के क्रय स्थापना एवं संचालन से संबंधी सूचना खादी संस्थाओं द्वारा बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा।

ह0/–
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी**

**ज्ञापांक–** 2910/09 **पटना, दिनांक–** 27/04/2017
**प्रतिलिपि** :– उपर्युक्त सभी संस्था/समिति के अध्यक्ष/मंत्री को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी**

**ज्ञापांक–** 2910/09 **पटना, दिनांक–** 27/04/2017
**प्रतिलिपि** :– राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भेटनरी कॉलेज, शेखपुरा, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी**